सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 149 | इंदौर, शनिवार 14 दिसंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## बर्फीली हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन भोपाल में पहली बार 4 डिग्री से नीचे लुढ़का पारा

### 18 जिलों में आज शीतलहर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। मध्य प्रदेश में आ रही बर्फीली हवाओं से ठिठुरन बढ़ बढ़ गई है। प्रदेश के ज्यादातर शहरों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। शुक्रवार-शनिवार की रात में राजधानी भोपाल में इस सीजन में पहली बार तापमान 4 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया यहां का न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वही पचमढ़ी प्रदेश में सबसे ज्यादा ठंडा रहा यहां का न्यूनतम तापमान 2.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वही मंडला, रायसेन में भी तीन डिग्री तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट के अनुसार आज जबलपुर-सिवनी समेत 18 जिलों में कोल्ड वेव यानी शीतलहर चलेगी।

मौसम विभाग के वैज्ञानिकों का कहना है कि पहाड़ों पर बर्फबारी और सर्द हवाओं के असर से पूरा मध्यप्रदेश पिछले 5 दिन से कड़ाके की ठंड की चपेट में है। यह दौर अगले 3 दिन यानी, 16 दिसंबर तक बना रहेगा। इसके बाद ठंड से थोड़ी राहत मिलेगी। इधर भोपाल में शुक्रवार-शनिवार की रात 10 साल में दूसरी सबसे सर्द रात रही। मध्य प्रदेश मौसम विभाग ने आज प्रदेश के कई शहरों में शीत लहर चलने का अलर्ट जारी किया है जिसके अनुसार भोपाल,नीमच, मंदसौर, धार, शाजापुर, राजगढ़, सागर, सिवनी, जबलपुर, कटनी, शहडोल, छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़ और निवाड़ी में सर्द हवा चलेंगी। वहीं, सीहोर, रायसेन, विदिशा में सर्द हवा चलने के साथ कोल्ड डे भी रहेगा। नरसिंहपुर में कोल्ड डे की स्थिति बनी रहेगी।

## इंदौर लोकायुक्त ने धार जिला स्वास्थ्य अधिकारी को 25 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**धार।** इंदौर लोकायुक्त ने धार जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर मोदी को 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई आशीष चौहान, प्रबंध संचालक श्रीश्याम हॉस्पिटल, धार द्वारा की गई शिकायत पर की गई। चौहान ने लोकायुक्त को बताया था कि डॉ. मोदी ने उनके हॉस्पिटल से संबंधित शिकायत के बाद रिश्वत की मांग की थी। सत्यापन के बाद, लोकायुक्त ने 13 दिसंबर 2024 को ट्रैप कार्रवाई की योजना बनाई। डॉ. मोदी को 25 हजार लेते हुए गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 की धारा-7 के तहत की गई। भोपाल में लोकायुक्त ने नगर पालिका परिषद बाड़ी के तीन कर्मचारियों को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा। आरोपी 1,00,000 रिश्वत मांग रहे थे। ट्रैप के दौरान 40,000 नगद और 60,000 चेक लेते हुए गिरफ्तार किए गए।

## अतिक्रमणकारियों का दुस्साहस

# वन अमले पर हमला

### जान बचाकर भागे वनकर्मी, चार घायल, एक की हालत गंभीर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा। सरमेश्वर रेंज की सीताबेड़ी में वन भूमि पर गड्ढे (सीपीटी) करने की कार्रवाई करने पहुंचे वन अमले पर अतिक्रमणकारियों ने पथराव कर दिया। गोफन से फेंके गए पत्थर आसमान की ओर से गिरते देख वनकर्मी जान बचाकर भागे। इस हमले में चार वनकर्मी घायल हो गए। जिनमें से एक की हालत नाजुक है।**

वहीं, 4 गाडि़यों में तोडफ़ोड़ हो गई। पिपलोद पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जानलेवा हमले का केस दर्ज किया है। सरमेश्वर बीट के रेंजर मनीष पांडेय ने बताया क्षेत्र में करीब डेढ़ सौ हेक्टेयर वन भूमि के जंगल को अतिक्रमणकारियों ने काट दिया है।

सीपीटी की कार्रवाई करने के लिए शुक्रवार सुबह करीब सवा 8 बजे 50 वनकर्मी कक्ष क्रमांक 760 में पहुंचे। जेसीबी व पोकलैंड से वन क्षेत्र की बाउंड्री और अंदर की तरफ गड्ढे किए जा रहे थे। जिससे अतिक्रमणकारी वन भूमि पर ट्रैक्टर चलाकर उसमें फसल न लगा सके। करीब साढ़े 11 बजे 60-70 फीट दूर से कुख्यात अतिक्रमणकारी दुल सिंह, उसके 3-4 बेटे सहित अन्य 15-20 अतिक्रमणकारियों ने गोफन से पत्थर फेंकना शुरू कर दिया।

पत्थर बरसते देख वनकर्मी अपनी गाडि़यों की तरफ भागे। लेकिन इस बीच उन्होंने गाडि़यों में भी तोड़ ?फोड़ की। चार वनकर्मी संजय सिंह तोमर, एसएस अली, देवेंद्र सोलंकी सहित 4 लोगों को पत्थर लगे। तोमर को सिर के पिछले हिस्से में पत्थर लगा था जिसमें वह जमीन पर गिरकर बेहोश हो गए। आरोपियों पर केस दर्ज किया गया है।



### गोफन से बरसाए पत्थर

रेंजर पांडेय ने बताया कार्रवाई करने से पहले पिपलोद टीआई एसएन पांडे से बल की मांग की थी। लेकिन टीआई ने कहने लगे बल उपलब्ध नहीं है। फिर उनसे कहा कि किसी को तो हमारे साथ भेज दो। फिर टीआई ने डायल 100 जीप के साथ एक सिपाही भेज दिया। मु_ीभर अतिक्रमणकारियों के आगे 61 सुरक्षाकर्मी बेबस नजर आए। उन्हें यह अधिकार नहीं कि वे खुद की सुरक्षा करने अतिक्रमणकारियों पर सख्ती बरतें।

*इस तरह की घटनाओं से हमारे अमले का मनोबल कम नहीं होगा बल्कि आगे की कार्रवाई इससे भी अधिक सख्ती के साथ करेंगे। वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण की एक एक इंच भूमि वापस ली जाएगी। फिर से प्राकृतिक वन स्थापित किए जाएंगे।*

– राकेश कुमार डामोर, डीएफओ

# लापरवाही ने ली जान

## एंबुलेंस 108 के सिलेंडर में ऑक्सीजन नहीं थी, घायल को दो घंटे खाली मास्क लगाए रखा, मौत

**खंडवा। सडक़ हादसे में घायल युवक की एंबुलेंस 108 में ऑक्सीजन नहीं मिलने से मौत हो गई। क्योंकि घायल के मुंह पर मास्क जिस सिलेंडर से लगाया, उसमें ऑक्सीजन ही नहीं थी। युवक को खंडवा जिला अस्पताल से इंदौर रेफर किया था। डॉक्टर ने एंबुलेंस के कर्मचारियों को निर्देशित किया था कि वह घायल को ऑक्सीजन किट लगाकर रखें। लेकिन एंबुलेंस के सिलेंडर में ऑक्सीजन नहीं थी। सिलेंडर को चेक ही नहीं किया।**

अस्पताल से एंबुलेंस निकलने के बाद पता चला कि सिलेंडर में ऑक्सीजन ही नहीं है। फिर कर्मचारी घायल को एंबुलेंस में लेकर इंदौर रोड स्थित ऑक्सीजन प्लांट पहुंचा। ऑक्सीजन लेने की प्रक्रिया में ही कर्मचारी को दो घंटे लग गए। तब तक घायल युवक के मुंह पर खाली मास्क ही लगा रखा था।

सिलेंडर मिलने के बाद वे शहर से एक किलोमीटर आगे बढ़े ही थे कि घायल की मौत हो गई। इस घटना ने इमरजेंसी वाहन और उससे जुड़ी स्वास्थ्य ?व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पंधाना पुलिस के अनुसार टाकली कला ग्राम में रहने वाले 28 वर्षीय धर्मेंद्र पिता अमरचंद एमपीईबी में हेल्पर थे। गुरुवार रात घर लौट रहे थे तो अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक टूट फूट गई। टक्कर से धर्मेंद्र के ?सिर में गंभीर चोट आई थी।

### भोपाल के एंबुलेंस अफसरों ने भी नहीं की मदद

एंबुलेंस के पायलेट संदीप चौहान व ईएमटी ने बताया कि हम प्लांट पर ऑक्सीजन लेने पहुंचे। हमारे पास रुपए नहीं थे। इसलिए भोपाल में बैठे एचआर विभाग से ऑक्सीजन लेने के लिए आईडी लेनी पड़ती है। आईडी लेने हमने 7 अधिकारियों को कॉल किया।

किसी ने कहा हम छुट्टी पर है तो किसी ने कहा मैंने जॉब छोड़ दी। आईडी लेने से पहले इमरजेंसी केस के बारे में उन्हें बताया जाता है। एचआर वीडियो कॉल कर देखता है। तब जाकर आईडी नंबर मिलता है। जब एचआर ओके करता है तो प्लांट से ऑक्सीजन सिलेंडर देते हैं।

# डीएवीवी में पहले सरस्वती पूजन, फिर काम शुरू होंगे

### कुलगुरू भी रोजाना पूजन में शामिल होंगे, इंजीनियरिंग सेक्शन हेड पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर के देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी में अब रोजाना सरस्वती पूजन होगा। पूजन के बाद ही अधिकारी-कर्मचारी काम शुरू करेंगे। रोजाना सरस्वती पूजन को लेकर बकायदा यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने आदेश भी जारी किया है।**

विश्वविद्यालय प्रबंधन के मुताबिक, यूनिवर्सिटी के नालंदा परिसर में रोजाना सुबह सरस्वती पूजना होगा। परिसर में रोजाना पूजन का सिलसिला सोमवार से शुरू किया जाएगा। जिसमें अनिवार्य रूप से सभी को शामिल होना है। कुलगुरू भी रोजाना इस पूजन में शामिल होंगे।

देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी प्रबंधन द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि कुलगुरु के द्वारा कार्यस्थल पर कार्यों की शुरूआत सकारात्मक ऊर्जा के साथ करने संबंधी नवीन पहल आरंभ की जा रही है। इस हेतु कुलगुरू द्वारा प्रतिदिन प्रातः 10.25 पर नालंदा परिसर में स्थित बगीचे (लेखा विभाग के सामने) में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया जाएगा। समस्त अधिकारी और कर्मचारी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। आदेश 12 दिसंबर देर शाम जारी किया गया है।

#### आइएमएस पर लग रहे भ्रष्टाचार के आरोप

यूनिवर्सिटी के आइएमएस विभाग के ऑडिटोरियम के रिनोवेशन को लेकर अब भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे है। यह आरोप इंदौर के संवाद क्रांति संस्था ने लगाए है। संस्था ने इस पूरे मामले की कुलपति से शिकायत की है। 32 वर्ष पुराने विश्वविद्यालय के विभाग आईएमएस के भवन में स्थित सभागृह के नवीनीकरण के नाम पर करीब ढाई से तीन करोड़ रुपए खर्च करने की योजना को मंजूरी दे दी गई है।

इससे पहले छात्रों ने आईएमएस के गिरते छज्जों की शिकायत की तो छज्जों पर इंजीनियरिंग विभाग ने रेलिंग लगाने का काम शुरू कर दिया। बिना टैंडर सवा छह लाख के लोहे की रेलिंग लगा दी गई। इसे संस्थान ने आपत्ति लेते हुए रोक दिया। इससे स्पष्ट है कि मनमाने तरीके से भ्रष्टाचार कर कमीशनखोरी के लिए सब हो रहा है। जबकि 4 करोड़ में आईएमएस का नया भवन बन सकता है।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पूर्व सैनिक एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों का सम्मान 16 को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर।** श्री गीता रामेश्वरम ट्रस्ट द्वारा 16 दिसम्बर को विजय दिवस के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। आयोजक अ.भा. कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, राधेश्याम पटेल ने बताया कि उक्त आयोजन के विषय उद्देश्य यह है कि भारत ने अपने पड़ोसी बांग्लादेश को सन् 1971 में स्वतंत्रता दिलाने में अपनी मदद दी थी। राष्ट्र की तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी ने वहां पर नरसंहार रोकने में सैन्य मदद देकर अपनी मानवीयता का परिचय दिया था। उनके योगदान को याद कर उनको नमन करने के लिए भी यह विजय दिवस मनाया जा रहा है। आज वहां हो रहे हिंदुओं के दमन की हम निंदा करते हैं और इसे जल्दी से जल्दी रोकने की भी मांग करते हैं। सोशल मीडिया पर भारत के इस योगदान को लेकर भी दुष्प्रचार किया जा रहा है जबकि उस समय ये अभियान समय की मांग थी। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी जी बाजपेई ने भी उस विजय के बाद श्रीमती इंदिरा गांधी जी को दुर्गा का अवतार बताकर तारीफ की थी। प्रसिद्ध चित्रकार मकबूल फिदा हुसैन ने भी दुर्गा नाम से पेंटिंग की एक सीरीज बनाकर इन्दिरा गांधी जी को सम्मान दिया था।

आयोजन 16 दिसम्बर, सोमवार को सायं 5 बजे से बिचौली मदार्ना स्थित तालाब के पास सभागृह में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर कवियों द्वारा देश भक्ति से ओतप्रोत काव्य पाठ किया जाएगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद सत्यनारायण पटेल, चेतन चौधरी, मदन परमालिया ने आगे बताया कि इस अवसर पर 1971 वार के, स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों, पूर्व सेनिकों एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों को सम्मानित कर उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की जाएगा।

## कड़ाके की सर्दी में ठिठुरने से बचाने के लिए इस वर्ष भी बांट रहे 11 हजार कंबल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लायंस इंटरनेशनल द्वारा लायंस सेवा दूत के तत्वावधान में पिछले तीन वर्षो से जारी परंपरा के अनुरूप इस वर्ष भी रविवार, 15 दिसंबर को शुभ-लाभ टावर, कनाड़िया रोड से सुबह 10 बजे से कड़ाके की शीत लहर में ठिठुर रहे जरूरतमंद लोगों को 11 हजार कंबलों का वितरण किया जाएगा।**

गेट एरिया वाइस लीडर ला. डॉ. कुलभूषण मित्तल कुक्की के मार्गदर्शन में लायंस इंटरनेशनल एवं बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन के सौजन्य से पिछले वर्ष खालसा विद्यालय परिसर में 50 हजार कम्बलों के वितरण का विश्व कीर्तिमान बन चुका है। इसके पूर्व भी लगातार तीन वर्षों से पीड़ित मानवता की सेवा के लिए यह सिलसिला चल रहा है। पिछले वर्ष के सेवा प्रकल्प को गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल करते हुए उसका प्रमाण पत्र अब जारी किया है। इस महत्वपूर्ण सेवा प्रकल्प में ला. ईशा मित्तल एवं ला. दिशा मित्तल का प्रशंसनीय योगदान रहा है।

ला. कुलभूषण मित्तल ने बताया कि कड़ाके की शीत लहर में जिन लोगों के पास गर्म कपड़े नहीं हैं, ऐसे लोग 15 दिसंबर को शुभ-लाभ टावर पहुंचकर अपना कंबल प्राप्त कर सकते हैं। लायंस सेवा दूत के संयोजक ला. मुरली अरोरा ने बताया कि इस वर्ष जो 11 हजार कंबल बांटे जा रहे हैं, वे डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला. योगेन्द्र रुनवाल, प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट ला. अनिल खंडेलवाल, द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला. जयप्रकाश त्रिपाठी, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला. एन.के. मेहता, ला. विशाल बाहेती एवं अन्य लायंस सदस्यों की उपस्थिति में शुभ-लाभ टावर पर वितरित किए जाएंगे। यह वितरण डिस्ट्रिक्ट के विभिन्न क्लबों के माध्यम से इंदौर मालवा एवं निमाड़ के विभिन्न अंचलों में भी किया जाएगा। ग्यारह हजार कंबलों के बंडल पानीपत से आ इंदौर पहुंच चुके हैं।

## श्री दत्तात्रेय की भव्य पारंपरिक पालकी यात्रा निकली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर।** श्री दत्त जयंती के अवसर पर दत्त नगर, राजेंद्र नगर से वैशाली नगर तिराहे स्थित श्री दत्त मंदिर तक श्री गुरु चरित्र ग्रन्थ और भगवान दत्तात्रेय की पारम्परिक पालकी यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। श्री दत्त मंदिर, दत्त नगर से पालकी यात्रा की शुरूआत हुई। दत्त नगर, राजेंद्र नगर मुख्य सड़क से होते हुए पालकी यात्रा का समापन वैशाली नगर स्थित श्री दत्त मंदिर पर हुआ। सनातन संस्कृति की प्रतीक भगवान श्री दत्तात्रेय की भव्य पालकी यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पालकी यात्रा में शामिल होने के लिए महिलाएं पीली साड़ी पहनकर युवतियां पीला सलवार सूट एवं पुरुष मंडली सफेद कुर्ता, धोती (सोळ) पहन कर पालकी में साथ चलें।

## 24 लाख की लागत से योग शेड के लिए भूमिपूजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट इंदौर। वार्ड क्रमांक 48 में सेवा सरदार नगर गार्डन में 24 लाख की लागत से योग शेड बनाया जाएगा। निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधायक महेंद्र हार्डिया एवं पार्षद विजयलक्ष्मी अनिल गौहर द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद जितेंद्र चौधरी वरिष्ट नेता अनिल गौहर भोला यादव मंडल अध्यक्ष दीपेश पालविया नन्नू महाराज जी, दीपक कथूरिया वार्ड अध्यक्ष सोहन धीमान सह संयोजक नीरज जोशी जी, प्रीतम यादव जी, मातृ शक्ति लक्ष्मी निगोते संगीता खमोरा मीनू शमार्जी, पूजा कैथवास जी, सत्री वर्मा आनंद राय सुब्रत बौरासी जी, छोटू धीमान जितेंद्र जैन संदीप धीमान कैलाश यादव मुकेश चंदेल संतोष शुक्ला गोपाल चौधरी पुनीत सोनकर आजाद सिलावट, सागर सोलंकी नवीन वर्मा अमित निगोते मनोज धीमान, दीपक कदम विशाल बौरासी अंतू गहलोत सुनील धीमान पवन यादव संजय लालवानी मानकर आकाश कैथवास, एविंजल जेम्सजी, नंदू बोरासी निलेश गंगराड़े प्रकाश राठौड़ डीपी शर्मा निधि शुक्ला सुशील अग्रवाल प्रदीप चोपड़ा गोविंद अग्रवाल जी, गिरीश मगर, दीप शुक्ला, नरेश परमार शशिकांत बोरासी, मोहन राठौर, हर्ष राठौर, महेश शर्मा मंगल जी एवं अनेक कार्यकर्ता गण एवं रहवासीगण उपस्थित थे।

## गीता स्थिति नहीं मन: स्थिति बदलती है

### शास्त्र के साथ शस्त्र का भी महत्व है : साध्वी परमानंद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर। फूटी-कोठी स्थित अग्रसेन धाम पर 27 वॉं अ.भा. गीता जयंती महोत्सव में आज देशभर से पधारे संत और सांध्वीयों के प्रवचन के साथ भजन संध्या हुई।**

रिद्धि-सिद्धि ट्रस्ट के अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल,आतिश अग्रवाल ने बताया की गीता जयंती महोत्सव में पाँचवे दिन परम् पूज्य स्वामी केशवाचार्य ने श्रदालुओं से कहा की मृत्यु का समय अनिश्चित मानकर ही हर क्षण परमात्मा में व्यतीत हो,ईश कृपा से व्यथा को अंत होगा।दसों इंद्रियों पर नियंत्रण हेतु गीता उपदेश बनाना एवं अनिद्रा क्रियान्वयन आवश्यक है। प्रचार प्रमुख शैलेन्द्र महाजन ने बताया की प्रवचनों के अंत में प्रसिद्ध संगीतज्ञ राष्ट्रपति पदक प्राप्त शास्त्रीय गायक प्रोफेसर डॉक्टर शशिकांत तांबे के द्वारा सुमधुर भजन की प्रस्तुति दी।प्रवचन रोजाना दोपहर 3 बजे से शाम 6:30 बजे तक होंगे।महिला व पुरषों की बैठक व्यवस्था अलग-अलग होगी। क्षेत्र की धर्म प्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में परिवार सहित पधारकर गीता ज्ञान लेने की अपील की है। कार्यक्रम के प्रारंभ में पायल अग्रवाल,संजय अग्रवाल, चहती अग्रवाल, दिनेशचंद्र दीक्षित,आशुतोष शुक्ला,मुरलीदास महंत आदि ने स्वागत किया। संचालन डॉ राजाराम गुप्ता ने किया।

## विधि के प्रायोगिक अनुभवों के साथ आगे बढ़ना चाहिए विद्यार्थियों को

### इंदौर इंटरनेशनल विधि महाविद्यालय ने मनाया 'संविधान दिवस'

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विधि के विद्यार्थियों को विधि के गुर सीखना चाहिए, साथ ही प्रायोगिक अनुभवों के साथ आगे बढ़ना चाहिए।**

यह बात मुख्य अतिथि अभिभाषक जय हार्डिया (अध्यक्ष-मध्य प्रदेश बार काउंसिल) ने अपने अभिभाषण में कही। उक्त अवसर रहा इंदौर इंटरनेशनल विधि महाविद्यालय द्वारा 'संविधान दिवस' के उपलक्ष्य में विशेष वक्ता सत्र, प्रतियोगिताएं एवं जेल भ्रमण कार्यक्रम का। संस्था के समूह निदेशक डॉ. पुनीत कुमार द्विवेदी ने बताया कि विधि के विद्यार्थियों के लिए ऐसे विशेष वक्ता सत्रों से प्रायोगिक अनुभवों की वृद्धि होगी, जो उन्हें परिपक्व बनाएगी। प्राचार्या डॉ. नेहा शर्मा चौधरी ने बताया कि वक्ता सत्र एवं भ्रमण का कार्यक्रम इसलिए रखा गया, जिससे क़ानून के विद्यार्थियों का प्रबोधन हो सके। संस्था के संस्थापक डॉ.अक्षय तिवारी ने बताया कि ऐसे विशेष कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को नई दिशा मिलती है। विशेष अतिथि उद्यमी मोहन रघुवंशी ने विद्यार्थियों से कहा कि प्रोडक्ट बेचना चाहिए, एथिक्स नहीं। इन कार्यक्रमों एवं स्पर्धा में विजेता प्रतिभागियों




को पुरस्कृत किया गया। इसकी अध्यक्षता डीन डॉ.आराधना माइकल की। इसी क्रम में जेल भ्रमण के दौरान जेल अधीक्षक अलका सोनकर एवं उप-अधीक्षक दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों से क़ैदियों के मानवाधिकारों के बारे में चर्चा की। संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट अक्षांशु तिवारी ने अतिथियों का स्वागत किया एवं शुभकामनाएँ दीं।

# मनोरंजक कार्यक्रमों की मस्ती के साथ, बच्चों व पेरेंट्स ने लिया साइबर अपराधों का भी ज्ञान

## स्कूल के वार्षिकोत्सव में भी लगी पुलिस की साइबर पाठशाला

इंदौर। वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये, इसके प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से, पुलिस आयुक्त नगरीय संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में, इंदौर पुलिस द्वारा लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में अति. पुलिस उपायुक्त क्राइम ने श्री दयानंद हायर सेकंडरी स्कूल इंदौर के एनुअल फंक्शन में पहुँचकर स्टूडेंट्स व पेरेंट्स को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया।



श्री दयानंद हायर सेकंडरी स्कूल द्वारा आयोजित एनुअल फंक्शन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एडीशनल डीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया ने, वहां उपस्थित स्टूडेंट्स व पेरेंट्स को संबोधित करते हुए बच्चों को सीख दी कि, ये आपका कड़ी मेहनत करने का समय है, इससे पीछे न हटे, अन्ततः मेहनत का परिणाम सफलता ही होता है। साथ ही पेरेंट्स से भी कहा कि आजकल के बच्चे स्मार्ट और तकनीकी रुप से दक्ष है बस वो गलत दिशा में न जाएं, यही आप को ध्यान रख उनका सही मार्गदर्शन करें।

इस अवसर पर उन्होंने सभी को वर्तमान समय के साइबर अपराधों के प्रकारों और इनसे बचने के तरीकों की जानकारी दी और विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन फ्रॉड, फाइनेंशियल फ्रॉड तथा सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर, किस प्रकार अपराधी हमें अपना शिकार बनाते हैं आदि के बारे में बताते हुए, साइबर अपराध होने पर हेल्पलाइन-1930 तथा इंदौर पुलिस की साइबर हेल्पलाइन 7049124445 आदि पर किस प्रकार शिकायत करें तथा पुलिस इन पर किस प्रकार कार्यवाही करती है और साइबर अपराधों से बचने के लिए किन बातों का ध्यान रखें आदि के संबंध में बढ़े ही रोचक तरीकों से बताया।

उन्होंने सभी से कहा कि आज का युग तकनीकी का है, आजकल तो हम अपना लगभग सारा काम ही ऑनलाइन कर रहे हैं पढ़ाई , घर के काम, शॉपिंग आदि ऑनलाइन तरीकों से ही कर रहे है। और इस दौरान छोटी छोटी सावधानी नही रखने से साइबर अपराध होने का खतरा बना रहता है। अंतः हम पूर्ण सतर्कता और सावधानी के साथ डिजिटल काम, बैंकिंग कार्य, ऑनलाइन गेम तथा सोशल मीडिया का उपयोग करें और अपनी निजी जानकारी किसी से भी शेयर न करें। इस अवसर पर संस्थान के स्टूडेंटस उनके पेरेंट्स सहित स्टाफ भी उपस्थित रहा, जिन्होनें भी साइबर सुरक्षा की बारिकियों को समझा और पुलिस के इस साइबर सुरक्षा अभियान की तारीफ की।

# कैफे संचालक और साथियों ने की धोखाधड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। चाय-नाश्ता की दुकान चलाने वाले एक युवक के साथ कैफे संचालक और उसके साथियों ने धोखाधड़ी की। आरोपियों ने उसका ऑनलाइन जॉब के नाम से अकाउंट खुलवाया और फिर उसमें लाखों का लेन देन किया।**

विजय नगर पुलिस के मुताबिक गौरव राठौर निवासी गुना की शिकायत पर पुलिस ने विदू पिता विवेक भारद्वाज निवासी इंद्रपुरी कॉलोनी किशनगंज महू रोमानो कैफे के संचालक और उसके साथी रवि वर्मा, मयंक,अनम, रवि व अन्य दोस्तों पर केस दर्ज किया गया हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने कंपनी में जॉब दिलाने की बात करते हुए गौरव का एसबीआई में खाता खुलवाया। वही एक सिम उसकी अकाउंट नंबर पर रजिस्टर्ड करवाकर अपने पास रख ली। इसके बाद उसने लाखों का लेन देन करवा दिया। गौरव ने पुलिस को शिकायत में बताया कि वह रोमानो कैफे के बाहर ही चाय-नाश्ता का स्टॉल लगाता है। यहां के मालिक विवेक ने उसकी पहचान बाकी के लोगों से करवाई। रवि ने एक दिन बातचीत में कहा कि उनकी कंपनी एक ऑनलाइन जॉब दे रही हैं। जिसमें आफिस नहीं जाना है, इसके बाद उसने इस कंपनी में जॉब करने के लिये नया अंकाउट खुलवाने और एक नई सिम लेकर उसे संचालित करने की बात कही। सिम बाद में गौरव से रवि और उसके साथियों ने ले ली। रवि ने कहा कि अंकाउट की प्रोसेस में 10 से 15 दिन लग जाएंगे। बाद में उसके अकाउंट से रुपयों का लेनदेन किया। युवक को इसका पता चला तो उसने इन लोगों से बात की तो उन्होंने डराया कि अगर वह पुलिस के पास जाएगा तो उल्टा फंस जाएगा। बाद में परिचितों से बात की। आरोपियों के खिलाफ पुलिस के वरिष्ठ अफसर को शिकायत कर केस दर्ज करा दिया।

# पुलिस से बचने के लिए बन गया कंप्यूटर क्लास संचालक

## डीजिटल अरेस्ट का आरोपी पकड़ाया, पूछताछ जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। सात राज्यों में डिजीटल अरेस्ट की वारदातों में शामिल बदमाशों के साथी को क्राइम ब्रांच ने पश्चिम बंगाल से दबोच लिया है। आरोपी पुलिस से बचने और लोगों को ध्यान भटकाने कम्प्यूटर क्लास का संचालक बन गया था। उसके खाते में करोड़ों रुपए के आनलाइन ट्रांजेक्शन मिले हैं। आरोपी के साथी पूर्व में क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़ चुके हैं, उन्हीं साथियों ने पूछताछ में आरोपी का नाम बताया था। उद्योगपति की पत्नी वंदना गुप्ता ने शिकायत में बताया था कि उन्हें अज्ञात ठग गैंग द्वारा स्काइप एवं व्हाट्सएप वीडियो कॉल कर अलग-अलग शासकीय विभाग का अधिकारी बताकर मनी लांड्रिंग केस में जेल जाने का डर बताकर एक करोड़ 60 लाख रुपए ठग लिए थे। मामले में पुलिस ने अज्ञात ठगों पर धारा 318(4), 308(2), 316(5), 111(4), 3(5) में केस दर्ज किया था। ठगों के मोबाइल नंबर ट्रेस कर प्रतीक जरीवाला, अभिषेक जरीवाला, चंद्रभान बंसल, राकेश कुमार बंसल, विवेक रंजन उर्फ पिंटू गिरी निवासी जिला खेड़ा गुजरात, अल्ताफ कुरैशी निवासी जिला आणंद को पूर्व में गिरफ्तार किया था। इन आरोपियों से पूछताछ के बाद बांग्लादेश, असम, बंगाल बॉर्डर पर स्थित कुच बेहर के आरोपी अभिषेक पिता तपन कुमार चक्रवर्ती निवासी कूच बेहर को पकड़ा।

**दोबारा खुलवाए खाते**

आरोपी अभिषेक ने पूछताछ में बताया कि उसने डिजीटल अरेस्ट गैंग के साथ कोलकाता की होटल में योजना बनाकर स्वयं का बैंक ऑफ महाराष्ट्र का करंट अकांउट ठगी के लिए उपयोग किया था। जब ट्रांजेक्शन लिमिट कम थी तो पिता के नाम से फर्जी फर्म बनाकर बंधन बैंक में करंट अकाउंट खुलवाया, जिसकी ट्रांजेक्शन लिमिट करोड़ों में थी।

आरोपी को डिजीटल अरेस्ट ठगी की राशि में ज्यादा परसेंटेज पर कार्य करना कबूला। कोलकाता से गैंग के हेड ने उसे बताया था कि पुलिस को गुमराह करने के लिए तुम्हें ट्रांजेक्शन किसी और जगह से करना होंगे। इसके लिए पहले लखनऊ जाना होगा, जहां तुम्हें गैंग के अन्य सदस्यों से मिलने का मौका भी मिलेगा। फ्रॉड के ट्रांजेक्शन लखनऊ से होंगे तो किसी को शक भी नहीं होगा। लेकिन, गैंग ने ऐन वक्त पर ट्रांजेक्शन स्थल लखनऊ से पुणे कर दिया।

गैंग के मेंबर ने पुणे की फ्लाइट टिकट मुझे देते हुए कहा कि कोलकाता से पुणे जाना है। जब मैं पुणे पहुंचा तो साथी आरोपीगण होटल में ले गए, जहां पूरा फ्रॉड ट्रांजेक्शन हेतु सेटअप देखा। गैंग के मेंबरों ने देशभर के लोगों से हड़पी ठगी की राशि मेरे बैंक खाते में जमा कराई। इसके बाद यही राशि अन्य खातों में ट्रांजेक्शन की। उसके बाद मैं फ्लाइट से कोलकाता आ गया। बैंक खाते एवं मोबाइल का उपयोग बंद कर दिया ताकि पुलिस कार्रवाई से बचा जा सके।

### एक दिन में जमा कराए एक करोड़ 93 लाख रुपए

आरोपी अभिषेक ने पुलिस को गुमराह करने के इरादे से कूच बेहर से 2 हजार किलोमीटर दूर पुणे स्थित बैंक में एक ही दिन में 1 करोड़ 93 लाख रुपए के ट्रांजेक्शन किए थे। इसमें फरियादी के 60 लाख रुपए भी शामिल है।

# हमले में सामान्य धारा में दर्ज किया केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। सूदखोर ने पैसे के विवाद में युवक पर जानलेवा हमला किया था। दबाव में आकर परदेशीपुरा पुलिस ने सामान्य धाराओं में केस दर्ज किया। मामले में पीड़ित पक्ष ने जोन दो के पुलिस उपायुक्त अभिनय विश्वकर्मा से आरोपियों का जुलूस निकालने की मांग की। शुक्रवार को पुलिस उपायुक्त के पास फरियादी प्रदीप वशिष्ठ निवासी वीणा नगर पहुंचा। उसने बताया कि 9 दिसंबर को रात में वह अपने भाई के साथ जरूरी काम से कहीं जा रहा था। तभी रास्ते में उसे कपिल जैन ने उसे रोका। वह कपिल से बात कर रहा था, तभी दीपा और उसके साथी गुंडे सुनील उर्फ मिर्ची भी आ गए। तीनों में प्रदीप को गाली देते हुए सिर पर चाकू मार दिया। गंभीर रुप से घायल प्रदीप को उसका भाई तत्काल एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां उसकी हालत खतरे में बाहर बताई जा रही है। उधर, घायल के परिजनों का आरोप है कि एमवाय अस्पताल में एमएलसी में भी डॉक्टरों ने गंभीर चोट बताई है, लेकिन पुलिस ने सामान्य धाराओं में केस दर्ज किया। आरोपी कपिल पर सूदखोरी का व्यापार करने और सुनील पर रुपए वसूली करता है। पीड़ित पक्ष ने चेतावनी दी कि पुलिस ने गंभीर धारओं में केस दर्ज नहीं किया तो वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की जाएगी।

# एक्सीडेंट में युवक की मौत

**इंदौर**। बीआरटीएस लेन पार कर रहे युवक को आईबस ने तेज गति से आकर टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना भंवरकुआ थाना क्षेत्र के पास का है। मृतक की पहचान लवकुश पिता सतीश रावत निवासी ग्राम बिकवली पूर्वा थाना सफदरगंज उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। वह मंगलनगर स्थित बालाजी फ्रूट्स मामाजी की फैक्ट्री में कार्यरत था। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। इसी प्रकार, आजाद नगर पुलिस को नाजमीन पिता शोएब शेख निवासी स्टार एवेन्यू ने शिकायत दर्ज कराई कि इल्फा एकेडमी मदीना नगर के सामने अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इधर, कनाडिय़ा पुलिस को फरियादी गौतम सोनेजा निवासी प्रकृति कालोनी ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक ने मेरी दादी भागवंती सोनेजा को टक्कर मारकर घायल कर दिया।

# युवती के दोस्त ने खुदकुशी की दी धमकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। एक युवती की शिकायत पर पुलिस उसके दोस्त के खिलाफ छेड़छाड़ और झूठे केस में फंसाने की धमकी देने के मामले में केस दर्ज किया है। बाणगंगा पुलिस ने 18 साल की युवती की शिकायत पर अमन मीणा पर केस दर्ज किया है। युवती ने शिकायत में बताया कि अमन उसकी गली में रहता है। इस वजह से उसकी जान पहचान है। साल 2021 में पहचान होने के बाद दोनों की बातचीत हुई। लेकिन सामान्य बातचीत को अमन ने प्यार समझा। इसके कुछ दिन बाद वह शादी करने की बात करने लगा। तब युवती ने शादी की बात से इनकार कर दिया। दबाव बनाया तो उसने युवक से बातचीत करना बंद कर दी। इसके बाद आरोपी ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया। आरोपी युवक ने युवती को शादी की बात न मानने पर उसके फोटो वायरल करने की धमकी दी। युवती ने इस दौरान उसे समझाने का प्रयास किया। लेकिन, वह नहीं माना। इस दौरान आरोपी अमन ने थाने में शिकायत करने की बात पर हाथ की नस काटकर सुसाइड करने और सुसाइड नोट में युवती का नाम लिखने की धमकी दी। युवती जब घर से काम के लिए निकली इस दौरान आरोपी युवक ने उसका पीछा करते हुए बात करने का दबाव बनाया।

# छिंदवाड़ा में भाजपा के सीनियर नेता ने सुसाइड किया

## पूर्व नपाध्यक्ष ने कमरा बंद कर खुद को गोली मारी

**छिंदवाड़ा, (एजेंसी)। छिंदवाड़ा में भाजपा नेता और पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कन्हई राम रघुवंशी ने खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया। घटना शुक्रवार सुबह 10.30 बजे की है। रघुवंशी श्री गणेश कॉलोनी स्थित अपने बंगले पर थे। उन्होंने ऊपर वाले कमरे का दरवाजा बंद कर 12 बोर की राइफल से गोली मार ली। घटना के वक्त परिजन नीचे थे। कमरे का दरवाजा तोड़कर शव निकाला गया है।**

### कमरे में मिला सुसाइड नोट

एडिशनल एसपी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। पुलिस और एफएसएल टीम ने कमरे से डॉक्टर के पर्चे पर लिखा सुसाइड नोट जब्त किया है। इसमें उन्होंने लिखा कि मेरी मौत के लिए कोई जिम्मेदार नहीं है। मैं खुद की इच्छा से आत्महत्या कर रहा हूं।

### विधानसभा चुनाव में बनाया था जिला संयोजक

कन्हई राम रघुवंशी को एमपी विधानसभा चुनाव में जिला संयोजक की कमान सौंपी गई थी। अनुभवी नेताओं में शुमार कन्हई राम 10 साल तक नगर पालिका अध्यक्ष रहे। ऐसा माना जाता है कि उनकी निर्विवाद छवि के कारण वह पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं की पहली पसंद थे। कन्हई राम को विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र तोमर का करीबी माना जाता है।

### घर के बाहर कार्यकर्ता की भीड़

भाजपा नेता के सुसाइड की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर भाजपा नेताओं के साथ कार्यकर्ता और जानपहचान वाले भी पहुंचे। घर के बाहर लोगों की भीड़ लग गई।

# रीवा में डिलीवरी डेट के बाद सोनोग्राफी की डेट दी

## पति बोला-3 दिन से अस्पताल के चक्कर काट रहा, डीन बोले- मामला उन तक नहीं पहुंचा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा, (एजेंसी)।** रीवा के संजय गांधी अस्पताल में एक महिला को डिलीवरी की तारीख देने के तीन दिन बाद सोनोग्राफी के लिए बुलाया गया है। डॉक्टर ने महिला को 23 दिसंबर की डिलीवरी की डेट दी है वहीं सोनोग्राफी के लिए 26 दिसंबर को बुलाया है। महिला के पति का कहना है कि वह तीन दिनों से लगातार अस्पताल में चक्कर काट रहा है। पत्नी को लाकर अस्पताल में भर्ती करवा दिया है। गर्भावस्था का 9वां महीना चल रहा है। कोई सुनने वाला नहीं है।

महिला के पति प्रेम तिवारी ने बताया कि मेरी गर्भवती पत्नी किरण तिवारी की डिलीवरी 23 तारीख को होनी है। जबकि सोनोग्राफी के लिए पर्ची में 26 दिसंबर की तारीख दे दी गई है। पत्नी को समस्या ज्यादा हो रही है इसलिए सोनोग्राफी करवाना चाहते थे, लेकिन कोई इलाज नहीं हो रहा है। मरीज को दिक्कत है जबकि डॉक्टर बोल रहे हैं कि कोई विशेष दिक्कत नहीं है। अब बाहर सोनोग्राफी करवाने के लिए पत्नी को ले जाने की सोच रहा हूं। लेकिन उसकी खराब हालत की वजह से ले जाना भी मुश्किल है।

पूरे मामले में संजय गांधी अस्पताल के डीन सुनील अग्रवाल का कहना है कि सोनोग्राफी की सेवा इमरजेंसी के लिए 24 घंटे खुली रहती है। मेरे संज्ञान में अभी तक ऐसी कोई बात सामने नहीं आई है। किसी भी पेशेंट को सोनोग्राफी के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है।

# जादू-टोने के शक में पड़ोसी की गर्दन काटी

## आरोपी ने घात लगाकर की हत्या; पुलिस पहुंची तो लाश के पास बैठा मिला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा, (एजेंसी)। खंडवा में एक युवक ने जादू-टोने के शक में पड़ोसी की हत्या कर दी। आरोपी ने घात लगाकर कुल्हाड़ी से हमला किया और गर्दन काट दी। उसकी पत्नी को गालियां भी दी। सूचना मिलने पर पुलिस जब वहां पहुंची तो आरोपी लाश के पास ही बैठा मिला। उसे गिरफ्तार कर लिया है। उस पर हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है।**

घटना गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात 2 बजे की है। बोरगांव चौकी क्षेत्र के छनेरा के रहने वाले रामनाथ (53) पिता पूरन धानक रात में पेशाब करने के लिए बाहर निकला। इसी दौरान नंदू (22) पिता जालम धानक ने कुल्हाड़ी से गर्दन काटकर अलग कर दी।

### पुलिस को कुल्हाड़ी दिखाकर डराया

पुलिस ने बताया कि वारदात के बाद आरोपी लाश के सामने बैठा था। उसके हाथ में कुल्हाड़ी थी, वह उसके पास आने वाले लोगों को धमका रहा था। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। रात 4 बजे पुलिस वहां पहुंची तो आरोपी ने पुलिसकर्मियों को भी डराया। काफी मशक्कत के बाद उसके हाथ से कुल्हाड़ी छीनी और हिरासत में लिया।

### परिवार पर जादू-टोने करने का था शक

पुलिस ने बताया कि आरोपी नंदू पीथमपुर में एक फैक्ट्री में काम करता है। दो दिन पहले ही पीथमपुर से गांव आया था। उसे शक था कि पड़ोसी रामनाथ जादू-टोना करता है। उसके परिवार को किसी भी काम में सफलता नहीं मिल रही थी। आरोपी को पता था कि मृतक रात में पेशाब के लिए बाहर निकलेगा। वह कुल्हाड़ी लेकर घर के बाहर बैठा रहा, जैसे ही रात में पेशाब के लिए पड़ोसी बाहर निकला, उसने हमला कर दिया।

### बुरहानपुर में केला अनुसंधान केंद्र और कृषि महाविद्यालय की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बुरहानपुर, (एजेंसी)।** सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने शुक्रवार को लोकसभा में बुरहानपुर में केला अनुसंधान केंद्र व कृषि महाविद्यालय की स्थापना की मांग को उठाया। लोकसभा में सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने बताया- संसदीय क्षेत्र खंडवा के तहत बुरहानपुर जिला केले के उत्पादन के लिए देशभर में जाना जाता है। ऐसे में यहां एक केला अनुसंधान केंद्र और कृषि महाविद्यालय की स्थापना निश्चित रूप से किसानों की आय बढ़ाने और क्षेत्र के समग्र विकास में सहायक होगी। अनुसंधान केंद्र के माध्यम से रोग प्रतिरोधी, अधिक उत्पादक और बेहतर गुणवत्ता वाले केले की नई किस्में विकसित की जा सकेंगी, जिससे किसानों को खेती की आधुनिक तकनीकों जैसे ड्रिप सिंचाई, खाद प्रबंधन, कीटनाशकों का वैज्ञानिक उपयोग आदि के बारे में प्रशिक्षित किया जा सकेगा।

# एशिया का पहला नेशनल जियो साइंस म्यूजियम का लोकार्पण उपराष्ट्रपति धनखड़ करेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, (एजेंसी)।** जियो लॉजिकल सर्वे आफ इंडिया ने विक्टोरिया मार्केट में एशिया का पहला जियो साइंस म्यूजियम तैयार किया है। देश के उपराष्ट्रपति जयदीप धनखड़ 15 दिसंबर को सुबह 11:25 बजे महाराजा बाड़ा पर म्यूजियम का लोकार्पण करेंगे। उनकी अगवानी व विदाई मंत्री राकेश शुक्ला करेंगे। जियो साइंस म्यूजियम के लोकार्पण की तिथि पिछले डेढ़ साल से आगे बढ़ती जा रही है। अभी हाल में 5 दिसंबर को फीता कटने का तय हुआ था। उसमें विभागीय केंद्रीय मंत्री को आना था। उक्त कार्यक्रम में अंतिम वक्त में स्थगित कर दिया गया।

### सुबह 10:55 पर आएंगे दोपहर 2 बजे होंगे रवाना

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 15 दिसंबर को सुबह लगभग 10.55 बजे वायुसेना के विशेष विमान द्वारा एयरबेस विमानतल पर आएंगे। इसके बाद सड़क मार्ग से 11.25 बजे बाड़े पहुंचकर म्यूजियम का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद 11.45 बजे जेयू में जीवाजीराव सिंधिया की प्रतिमा के अनावरण करेंगे। दोपहर 1 बजे जयविलास पैलेस जाएंगे और दोपहर 2 बजे वायुसेना विमान से रवाना होंगे। नामित किया गया है।

# प्रति रजिस्ट्री लेती थी डेढ़ हजार घूस

## लोकायुक्त पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, हो सकती है चार साल की सजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देवास। देवास जिले में उप पंजीयक अंजली मिश्रा और प्राइवेट व्यक्ति राहुल प्रजापत के विरुद्ध धारा-7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत एफआईआर दर्ज की गई है। भ्रष्टाचार के विरुद्ध डीजी लोकायुक्त जयदीप प्रसाद के निर्देशन में अभियान जारी है।**

बता दे कि इसी क्रम में आवेदक शीतल गहलोत पार्षद वॉर्ड 30 और एमआईसी सदस्य प्रभारी शहरी गरीबी उपशमन विभाग निवासी बजरंग नगर देवास ने दिनांक 11/12/24 को लोकायुक्त में शिकायत की थी कि मेरे द्वारा बालाजी सर्विस प्रोवाइडर के नाम से रजिस्ट्री का कार्य किया जाता है। मेरे कार्यालय से की गई रजिस्ट्री लेने गया तो अंजली मिश्रा ने 1500 रुपये रिश्वत की मांग की।

शिकायत का सत्यापन प्रभारी SP राजेश पाठक ने डीएसपी सुनील तालान से कराया तो शिकायत सही पाई गई। इसलिए धारा-7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन 2018) एवं 61(2) भारतीय न्याय संहिता 2023 के अंतर्गत अंजली मिश्रा एवं राहुल प्रजापत के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना जारी है।

### आरोप सिद्ध हो जाने पर चार साल तक की सजा

लोकायुक्त डीएसपी ने बताया कि भ्रष्टाचार निवारण कि जिन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है, उसमें आरोप सिद्ध हो जाने पर चार साल तक की सजा हो सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि लोकायुक्त पुलिस के पास पर्याप्त सबूत हैं। इस मामले में लोकायुक्त पुलिस सारे सबूत न्यायालय के समक्ष पेश करेगी।

### पुलिस ने नाबालिग को बचाया

देवास जिले में कन्नौद थाना क्षेत्र के डोकाकुई में एक नाबालिग लड़की कुएं पर खुदकुशी करने के लिए पहुंच गई। जब वह कुएं की पाल पर बैठ गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दिया। पुलिस मौके पर पहुंची, बालिका को सुरक्षित बचाने के लिए एक महिला आरक्षक को लड़की के पास भेजा। जहां महिला आरक्षक ने लड़की से संवाद किया और बालिका को जिंदगी कीमत समझाई, फिर उसे सुरक्षित तरीके से कुएं की पाल से हटा दिया, परिजनों के साथ मारपीट के चलते बालिका नाराज थी।

मामले में बालिका की मां के साथ मारपीट करने के मामले में लड़की इतनी परेशान हो गई थी कि उसने अपनी जान देने की स्थिति बना ली थी, जिसके बाद में पुलिस ने आरोपियों पर प्रकरण दर्ज किया है।

नाबालिग बालिका को बचाने में कन्नौद थाना प्रभारी तहजीब काजी, उनि दीपक भोंडे, आरक्षक निकेतन परमार, शैलेंद्र करमोदिया, आरक्षक मुस्कान चौहान का सराहनीय योगदान रहा। एसपी पुनीत गेहलोद ने टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

लड़की को बचाने वाली वाली आरक्षक मुस्कान चौहान ने बताया, टीआई के निर्देश पर मैं धीरे-धीरे बालिका के पास पहुंची। वह एक पतली मुंडेर पर कुएं में पैर लटका कर बैठी थी। मैंने कुछ दूर पहुंचकर उससे कहा कि तुम्हारी मदद करने आई हूं। लेकिन कुछ नहीं बोली। मैंने कहा, मुझसे बात करो, मैं तुम्हारी बहन जैसी हूं। इस दौरान दो-तीन बार बालिका ने कहा कि दीदी आगे आए तो मैं कूद जाऊंगी। इस पर मैं कुछ दूरी पर बैठ गई। उसका कहना था कि मैं मरना चाहती हूं और मुझे मदद की कोई जरूरत नहीं है, दीदी आप चलो जाओ।

# संपादकीय

## युद्ध विराम को लेकर प्रस्ताव पारित

इजराइल और हमास के बीच युद्ध की शुरुआत हुए एक वर्ष से ज्यादा बीत चुके हैं। हमास के हमले के जवाब के नाम पर शुरु हुए इजराइली आक्रमण अब भी जारी हैं और उसके खत्म होने का कोई सिरा फिलहाल नहीं दिख रहा है। यह स्थिति तब भी कायम है जब दुनिया के ज्यादातर देश युद्ध को तुरंत खत्म करने की मांग कर रहे हैं। इस क्रम में बुधवार को भी संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एक प्रस्ताव पारित किया, जिसके तहत गाजा में तत्काल युद्धविराम लागू किए जाने की मांग की गई है। साथ ही हमास और फिलिस्तीनी गुटों की हिरासत में रखे गए बंधकों की रिहाई के लिए भी कदम उठाने को कहा गया है। एक अन्य प्रस्ताव में इजराइल से फिलिस्तानी शरणार्थियों की मदद के लिए संयुक्त राष्ट्र एजंसी पर से प्रतिबंध हटाने की भी मांग की गई है। युद्ध विराम के प्रस्ताव के समर्थन में एक सौ अट्ठावन मत पड़े, जबकि विरोध में केवल नौ मत। जाहिर है, कुछ देशों को छोड़ कर दुनिया के ज्यादातर देश युद्ध के विरुद्ध हैं और ऐसी स्थिति में इजराइल को भी इस पर विचार करने की जरुरत है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष अक्तूबर की शुरुआत में इजराइली सीमा के भीतर हमास के हमले में करीब बारह सौ लोगों के मारे जाने के बाद उसके जवाब में इजराइल ने गाजा पर हमला किया था, जिसमें तब से अब तक बयालीस हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। इजराइल की दलील अब भी यही है कि वह हमास के आतंकियों का सफाया कर देगा। सवाल है कि जितने लोगों की जान अब तक जा चुकी है, उनमें से कितने वास्तव में हमास या उससे जुड़े आतंकी थे यह कोई छिपा तथ्य नहीं है कि मारे जाने वालों में गिनती के कुछ को छोड़ दिया जाए तो आमतौर पर सभी गाजा में रहने वाले आम लोग थे, जिनका युद्ध से कोई वास्ता नहीं था। अपने लिए इंसाफ की इच्छा करते और दलील देते हुए इजराइल ने जिस तरह गाजा पर हमले के क्रम में अंतरराष्ट्रीय कानूनों को ताक पर रख कर अस्पतालों और शरण-स्थलों तक को नहीं बख्शा, महिलाओं से लेकर छोटे मासूम बच्चों तक तक मारे गए, उससे यही लग रहा है कि अब इजराइल एकतरफा युद्ध कर रहा है। उसे दुनिया के तमाम देशों सहित संयुक्त राष्ट्र तक की ओर से युद्ध खत्म करने की औपचारिक रुप से की गई मांग पर भी विचार करना जरुरी नहीं लगता। दुनिया में लोकतंत्र के सभी पैरोकार बिना किसी सवाल के यह मानते हैं कि युद्ध किसी समस्या का हल नहीं हो सकता। मगर इसके समांतर से दो या इससे ज्यादा देशों के बीच किसी ऐसे मसले पर युद्ध की शुरुआत हो जाती है जिसे बातचीत के जरिए सुलझाया जा सकता था। इसके बाद होता यही है कि युद्ध में शामिल देशों में होने वाले हमलों में आमतौर पर ऐसे लोग मारे जाते हैं, जिनका युद्ध से कोई लेना-देना नहीं होता। इसमें बच्चों और महिलाओं तक को नहीं छोड़ा जाता।

# शेर और सियार



**एक बार की बात है सुंदरवन नाम के जंगल में बलवान शेर रहा करता था। शेर रोज शिकार करने के लिए नदी के किनारे जाया करता था। एक दिन जब नदी के किनारे से शेर लौट रहा था, तो उसे रास्ते में सियार दिखाई दिया। शेर जैसे ही सियार के पास पहुंचा, सियार शेर के कदमों में लेट गया।**

शेर ने पूछा अरे भाई ! तुम ये क्या कर रहे हो। सियार बोला, "आप बहुत महान हैं, आप जंगल के राजा हैं, मुझे अपना सेवक बना लीजिए। मैं पूरी लगन और निष्ठा से आपकी सेवा करूंगा। इसके बदले में आपके शिकार में से जो कुछ भी बचेगा मैं वो खा लिया करूंगा।"

शेर ने सियार की बात मान ली और उसे अपना सेवक बना लिया। अब शेर जब भी शिकार करने जाता, तब सियार भी उसके साथ चलता था। इस तरह साथ समय बिताने से दोनों के बीच बहुत अच्छी दोस्ती हो गई। सियार, शेर के शिकार का बचा खुचा मांस खाकर बलवान होता जा रहा था।


एक दिन सियार ने शेर से कहा, "अब तो मैं भी तुम्हारे बराबर ही बलवान हो गया हूं, इसलिए मैं आज हाथी पर वार करूंगा। जब वो मर जाएगा, तो मैं हाथी का मांस खाऊंगा। मेरे से जो मांस बच जाएगा, वो तुम खा लेना। शेर को लगा कि सियार दोस्ती में ऐसा मजाक कर रहा है," लेकिन सियार को अपनी शक्ति पर कुछ ज्यादा ही घमंड हो चला था। सियार पेड़ पर चढ़कर बैठ गया और हाथी का इंतजार करने लगा। शेर को हाथी की ताकत का अंदाजा था, इसलिए उसने सियार को बहुत समझाया, लेकिन वो नहीं माना।

तभी उस पेड़ के नीचे से एक हाथी गुजरने लगा। सियार हाथी पर हमला करने के लिए उस पर कूद पड़ा, लेकिन सियार सही जगह छलांग नहीं लगा पाया और हाथी के पैरों में जा गिरा। हाथी ने जैसे ही पैर बढ़ाया वैसे ही सियार उसके उसके पैर के नीचे कुचला गया। इस तरह सियार ने अपने दोस्त शेर की बात न मानकर बहुत बड़ी गलती की और अपने प्राण गंवा दिए।

### कहानी से सीख :

हमें कभी भी किसी बात पर घमंड नहीं करना चाहिए और अपने सच्चे दोस्त को नीचा नहीं दिखाना चाहिए।

## रंग भरो



## Uttarpradesh

# इनामी बदमाश सोनू मटका मेरठ में पुलिस एनकाउंटर में ढेर, दिवाली के दिन दिल्ली में किया था डबल मर्डर

मेरठ. दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मेरठ इलाके में एक मुठभेड़ में सोनू मटका नाम के बदमाश का एनकाउंटर किया है. बता दें कि यह वही बदमाश है जो दिवाली की रात शाहदरा में चाचा भतीजे को गोली मारकर फरार हुआ था. सोनू मटका के मेरठ में मूवमेंट की जानकारी मिली थी. जिसके बाद शनिवार तड़के स्पेशल सेल की टीम ने उसकी घेराबंदी की.

सूत्रों के मुताबिक दोनों तरफ से कई राउंड फायरिंग हुई है. वह मेरठ के टीपी नगर पुलिस स्टेशन इलाके में पुलिस की गोली से घायल हुआ तो उसे गिरफ्तार किया गया. बाद में अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो





गई. इस मामले में हत्या के दिन जो नाबालिग स्कूटी चला रहा था, उसे पुलिस ने पहले ही पकड़ लिया था, लेकिन शूटर मोनू मटका अभी तक फरार था. 50 हजार का इनामी बदमाश मोनू हाशिम बाबा गैंग का कुख्यात शूटर था. उसके खिलाफ यूपी और दिल्ली में लूट और हत्या के आधा दर्जन मामले दर्ज हैं.

बता दें कि बीते अक्टूबर में दिल्ली के शाहदरा में दिवाली की रात एक ही परिवार के दो दीपक बुझ गए थे और घर में मातम छा गया. दरअसल, यहां परिवार अपने घर के बाहर दिवाली मना रहा था जब दो हथियारबंद लोग आए और एक 40 साल के शख्स और उसके 16 साल के भतीजे की गोली मारकर हत्या कर दी.

## Assam

### मंदिर में लड़की का गैंगरेप, वीडियो भी रिकॉर्ड किया; वायरल होने के बाद 8 युवक गिरफ्तार



**गुवाहाटी, (एजेंसी)** असम की राजधानी गुवाहाटी के एक मंदिर में एक लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना सामने आई है। पुलिस ने इस मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। शनिवार को एक अधिकारी ने बताया कि लड़की की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस के अनुसार, 17 नवंबर को रास महोत्सव के दौरान दुर्गा मंदिर के परिसर में लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया था। आरोपियों की उम्र 18 से 23 वर्ष के बीच है। अपराधियों ने कथित तौर पर इस रेपकांड को मोबाइल में फिल्माया और विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसे वायरल कर दिया। वीडियो लगभग तीन सप्ताह बाद सामने आया।

गुवाहाटी पश्चिम के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) पद्मनाभ बरुआ ने कहा, "नौ आरोपियों में से आठ रॉबिन दास, कुलदीप नाथ (23), बिजॉय राभा (22), पिंकू दास (18), गगन दास (21), सौरव बोरो (20), मृणाल राभा (19) और दीपांकर मुखिया (21) को गिरफ्तार कर लिया गया है। सर्च अभियान जारी है। हमने अभी तक पीड़िता का पता नहीं लगाया है। हमारे सूत्रों के अनुसार उसे एक सप्ताह पहले एक सार्वजनिक स्थान पर देखा गया था।" उन्होंने कहा कि हमले में शामिल नौवें व्यक्ति को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। गुवाहाटी के गोरचुक पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी धर्मेंद्र कलिता को शुक्रवार को लगभग 2.30 बजे एक व्हाट्सएप पर वीडियो मिला। डीसीपी ने कहा कि उन्होंने शुरुआत में गुवाहाटी के बोरागांव इलाके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## New Delhi

### वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी अस्पताल में भर्ती, अपोलो अस्पताल में चल रहा इलाज

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी की तबीयत बिगड़ गई है, जिसके बाद उन्हें दिल्ली स्थित अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, लालकृष्ण आडवाणी को रूटीन चेकअप के लिए अपोलो अस्पताल ले जाया गया। वह फिलहाल डॉक्टर्स की निगरानी में हैं और उनकी हालत स्थिर है। इससे पहले इस साल अगस्त महीने में भी आडवाणी को अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जुलाई में भी देश के पूर्व गृह मंत्री लालकृष्ण आडवाणी को दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एम्स में डॉ. अमलेश सेठ की निगरानी में उनका इलाज किया गया था। उस वक्त आडवाणी को यूरोलॉजी विभाग में भर्ती कराया गया था। लालकृष्ण आडवाणी का जन्म 8 नवंबर, 1927 को पाकिस्तान के कराची में हुआ था। बीती 8 नवंबर को ही अडवाणी ने अपना 98वां जन्मदिन मनाया है। आडवाणी साल 2002 से 2004 तक भारत के उप प्रधानमंत्री और 1999 से 2004 तक केंद्रीय गृह मंत्री रहे।

## Jharkhand

### झारखंड में मवेशी तस्करी के आरोप में चार गिरफ्तार, 46 मवेशी बरामद

**सरायकेला, (एजेंसी)** झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में पुलिस ने मवेशी तस्करी के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है जबकि 46 मवेशियों को बचाया है. सरायकेला के एसपी मुकेश कुमार लुनायत ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ तस्कर भुरकुंडा जंगल के रास्ते मवेशियों को पश्चिम बंगाल ले जाने की कोशिश कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि इस सूचना पर कार्रवाई करने के लिए सरायकेला के एसडीपीओ समीर के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई. न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक गुरुवार रात बंदी गांव के पास कुंदुसल गोलचक्कर पर पुलिस टीम ने जांच अभियान चलाया. इस दौरान उन्होंने कुछ तस्करों को सरायकेला-खरसावां जिले के कुचाई से मवेशियों



को पड़ोसी राज्य की ओर ले जाते हुए देखा. पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए चार तस्करों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि कुछ अन्य अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए. पुलिस ने मौके से 46 मवेशियों को जब्त किया. इस संबंध में कुचाई थाने में झारखंड मवेशी वध निषेध अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है.

## खेल

# रीजा हेंड्रिक्स ने तोड़ा क्विंटन डिकॉक का रिकॉर्ड, इस मामले में बने साउथ अफ्रीका के नंबर-1 खिलाड़ी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** साउथ अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज रीजा हेंड्रिक्स ने पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टी20 में शतक जड़ ना सिर्फ टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई, बल्कि क्विंटन डी कॉक का भी बड़ा रिकॉर्ड तोड़ा। हेंड्रिक्स ने पाकिस्तान के खिलाफ सेंचुरियन टी20 में 117 रनों की शानदार पारी खेली। यह T20I क्रिकेट में उनका 18वां 50 से अधिक का स्कोर था। वह साउथ अफ्रीका के लिए अब सबसे ज्यादा 50 प्लस स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। क्विंटन डी कॉक ने अपने करियर में यह कारनामा 17 बार किया था। वहीं इस लिस्ट में जेपी ड्यूमिनी और फाफ डु प्लेसिस 11-11 50 प्लस स्कोर के साथ टॉप-4 में हैं।





**T20I में साउथ अफ्रीका के लिए सर्वाधिक 50+ स्कोर**

18 - रीजा हेन्सरिक्स  
17 - क्विंटन डी कॉक  
11 - जीन पॉल डुमिनी  
11 - फाफ डु प्लेसिस

हेंड्रिक्स का यह T20I में साउथ अफ्रीका के लिए संयुक्त रूप से दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। उनसे पहले रिचर्ड लेवी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 2012 में 117 रनों की नाबाद पारी खेली थी। वहीं इस लिस्ट के टॉप पर फाफ डुप्लेसी हैं, जिन्होंने 2015 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 119 रन बनाए थे।

**साउथ अफ्रीका के लिए टी20 में हाइएस्ट स्कोर**

119 - फाफ डू प्लेसिस बनाम वेस्टइंडीज (2015)  
117* - रिचर्ड लेवी बनाम न्यूजीलैंड (2012)  
117 - रीजा हेंड्रिक्स बनाम पाकिस्तान (2024)*

टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी पाकिस्तान की टीम ने सैम अयूब की 98 रनों की पारी के दम पर निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 206 रन बोर्ड पर लगाए। इस स्कोर को मेजबान टीम ने 19.3 ओवर में 7 विकेट रहते चेज किया। साउथ अफ्रीका की रनचेज के हीरो रीजा हेंड्रिक्स रहे जिन्होंने 117 रनों की तूफानी पारी खेली। उन्हें इस पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से भी नवाजा गया।

## सिनेमा

# अल्लू अर्जुन को जेल में नहीं मिला VIP ट्रीटमेंट, फर्श पर सोकर काटी रात; खाना भी नहीं खाया



पुष्पा 2 के हीरो अल्लू अर्जुन की जेल से रिहाई हो चुकी है। कल उन्हें एक निचली अदालत के द्वारा 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। हालांकि, तेलंगाना हाईकोर्ट ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए उन्हें अंतरिम जमानत दे दी है। कोर्ट का आदेश समय से नहीं पहुंचने के कारण अल्लू अर्जुन को जेल में ही रात बितानी पड़ी। सूत्रों से मिल रही जानकारी के मुताबिक, उन्हें जेल में कोई वीआईपी ट्रीटमेंट नहीं दिया गया। उनके साथ एक आम कैदी की तरह बर्ताव किया गया। उन्होंने जेल के फर्श पर सोकर की रात बिताई। सूत्रों ने आगे बताया कि उनका कैदी नंबर 7697 था। वह रात भर जेल में फर्श पर सोते रहे। उन्होंने रात का खाना भी नहीं खाया। सुबह-सुबह उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया। रिहाई के बाद घर पहुंचकर अल्लू अर्जुन ने कहा कि वह कानून का सम्मान करते हैं। आपको बता दें कि उन्हें शुक्रवार को उनके घर से गिरफ्तार किया गया था। निचली अदालत ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। हाईकोर्ट ने 50,000 रुपये के निजी मुचलके पर अंतरिम जमानत दे दी। अब इस मामले पर 25 जनवरी को सुनवाई होनी है।

## Highlights

1. LK Advani admitted to hospital in Delhi
2. Shameful: BJP's Agnimitra Paul after bail to ex-RG Kar Principal
3. One Nation One Election fine if brought with good intentions: Kishor
4. Govt carries out anti-encroachment drive near Jama Masjid in Sambhal
5. Internet suspended in parts of Ambala from Dec 14-17 over farmers' protests

# Swiggy launches 'invite only One BLCK' premium membership with industry-first benefits: All you need to know




**NEW DEIHI, (Agency).** Online food ordering and delivery company Swiggy India on Wednesday unveiled its new 'invite only' premium membership, 'One BLCK.' According to the company, the new scheme is designed to cater to customers who demand the highest level of service, speed, and personalised care.

The 'One BLCK' membership, which offers a range of exclusive benefits across Swiggy's various services, including food delivery, quick commerce, and dining out, will be available by invitation only.

"Swiggy One BLCK is the business-class equivalent for our customers, refining key aspects that matter to premium users—speed, reliability, and personalized care. With this launch, we are setting a new benchmark for premium memberships in the industry," said Phani Kishan, Co-founder and CGO of Swiggy.

Swiggy's 'One BLCK' membership: All you need to know

The 'One BLCK' membership is available at an introductory price of INR 299 for a three-month plan.

Invitations will be rolled out gradually to select users across India, and existing Swiggy One members can upgrade to this exclusive service.

One of the standout features of One BLCK is the promise of faster food deliveries, complemented by an On-Time Guarantee, ensuring that members' orders arrive promptly.

Members dining out will enjoy complimentary perks such as cocktails, drinks, or desserts.

# Retail inflation slows slightly at 5.48%

**NEW DEIHI, (Agency).** Retail inflation rose to 5.48% last month, a slower pace of increase compared to 6.21% in October, data from the Ministry of Statistics and Programme Implementation showed on Thursday.




Despite the slowing pace of growth in prices, the Consumer Price Index-based rate of retail inflation stayed above the Reserve Bank of India's 4% tolerance level, with two percentage points of deviation on either side.

Prices of food, which have been the main source of high inflation for consecutive quarters, continued to be elevated at 9.04%. This food-price print in November was however lower than October's 10.47%.

Cereal prices went up by 6.88% after climbing 6.94% in October. Inflation in pulses stood at 7.43% against 9.81% last month.

Most analysts had expected India's retail prices to have decline slightly in November on the back of improving food supplies.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक